# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 07-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆ **पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा 'मिशन शक्ति फेज 5.0' अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरुकता हेतु एक विशेष दौड़ "रन फॉर एम्पावरमेंट" पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा 'मिशन शक्ति फेज 5.0' अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरुकता हेतु आज दिनांक 07.10.2025 को एक विशेष दौड़ "रन फॉर एम्पावरमेंट" का आयोजन किया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने, उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है । कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह दौड़ पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से प्रारम्भ हुई जिसमें जनपद के प्रत्येक थाने से दो-दो- महिला आरक्षियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने नारे लगाते हुए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया और समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं एवं बालिकाओं को हर स्तर पर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। इस दिशा में सिद्धार्थनगर पुलिस निरंतर प्रयासरत है, जिसमें जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण शिविर और सामुदायिक भागीदारी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है। ऐसी पहल से हम न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। मिशन शक्ति के तहत पूरे उत्तर प्रदेश में ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जो महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी प्रभारी जोगिया उदयपुर, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**प्रेस नोट दिनांक 07-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**◆थाना मिश्रौलिया मय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बढ़या की महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में पम्पलेट वितरित कर शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन के सम्बन्ध में जागरुक किया गया ।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 07.10.2025 को बृजेश सिंह, थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के नेतत्व में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत ग्राम करौंदा खालसा में चौपाल लगाकर महिलाओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई । इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भिक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया यातायात नियमों के पालन के लिये निर्देशित किया गया ।**

**प्रेस नोट दिनांक 07-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थानाक्षेत्र के ग्राम महुआ व ग्राम ककरही में चौपाल लगाकर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 07.10.2025 को रोहिनी यादव थाना प्रभारी प्रशिक्षु उपाधीक्षक, मीरा चौहान थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर के नेतृत्व मे मिशन शक्ति मय टीम उ0नि0 कपिल मुनि यादव व का0 प्रदीप उपाध्याय, म0का0 सुशीला द्वारा फेज 5.0 सुरक्षा के सम्बन्ध मे ग्राम महुआ व ग्राम ककरही में चौपाल लगाकर महिलाओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।**

प्रेस नोट दिनांक 07-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा बलात्कार के एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायायल भेजा गया।

ड़ॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में, मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिडई पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 07.10.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 95/2025, धारा 64(2)(ड), 351(3) BNS व 5/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त को करही चौराहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.वीरेंद्र पुत्र राजेश निवासी ग्राम सेमरी थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 संजय राय थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

2.महिला मुख्य आरक्षी नीलम शुक्ला थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

3.का0 सौरभ सिंह, अवनीश कुमार थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनाँक 07.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा बलात्कार के एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायायल भेजा गया।**

**ड़ॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार के नेतृत्व मे थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा आज दिनांक 07.10.2025 मु0अ0सं0 161/2025 धारा 87/64(2)(M) बी0एन0एस0 व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त को टैक्सी स्टैंड मोहल्ला परती बाजार से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-**
**01.तौलन यादव पुत्र भागीरथी यादव निवासी रानीगंज मोगलहा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**
**1.उ0नि0 अरविन्द कुमार द्विवेदी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**3.हे0का0 अनिल चौहान उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**2. हे0का0 शैलेन्द्र गिरी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

प्रेस नोट दिनांक 07.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना मोहाना पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान वारण्टी एवं वांछित के तहत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन पर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 07.10.2025 को वाद संख्या 3965/2022 धारा 498ए भा0द0वि0 व ¾ डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वारण्टी को वहद ग्राम शिवपतिनगर टोला कसियापुर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-

1.सूरज मौर्या पुत्र लाल बहादुर साकिन शिवपतिनगर टोला कसियापुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 श्री सर्वेश यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

2.हे0का0 योगेश कुमार थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

3.का0 मनीष कुमार सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट- दिनांक 07.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना शिवनगर डिंडई की मिशन शक्ति टीम द्वारा चेकिंग के दौरान रास्ते पर/कस्बो मे अनावश्यक रुप घुमने वाले 06 शोहदो/मनचलो को माफीनामा भरवा कर, चेतावनी देकर छोड़ा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी, मयंक द्विवेदी के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव थाना शिव नगर डिंडई जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 07.10.2025 को थाना शिवनगर डिंडई मिशन शक्ति टीम द्वारा चेकिगं के दौरान रास्ते पर/कस्बो मे अनावश्यक रुप घुमने वाले शोहदो/मनचलो पुछ-ताछ किया गया इस दौरान कुल 06 शोहदे/मनचले का माफीनाफा भरवा कर चेतावनी देकर छोड़ा गया।**

**चेकिंग करने वाली मिशन शक्ति पुलिस टीम का विवरणः-**

**1.उ0नि चंद्रशेखर यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**2. का० गुड्डू यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**3. म० हे० का० नीलम शुक्ला थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**4. हेड का० रंजीत गौड़ थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट-थाना चिल्हिया*जनपद* सिद्धार्थनगर दिनांक * 07/10/2025**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व थाना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चलाया गया जागरुकता अभियान।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 07/10/2025 को पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया राजेश कुमार तिवारी व मिशन शक्ति टीम द्वारा में थाना चिल्हिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बच्चियों व उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्वन्धी अपराध व साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई ।**

**प्रेस नोट- दिनांक 07.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**◆थाना कठेला समय माता की मिशन शक्ति टीम द्वारा चेकिंग के दौरान रास्ते पर/कस्बो मे अनावश्यक रुप घुमने वाले 12 शोहदो/मनचलो को माफीनामा भरवा कर, चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा 04 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।**

**डाँ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व श्री पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता अभय सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 07.10.2025 को मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कठेला समय माता की मिशन शक्ति टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 04 नफर अभियुक्तगण/शोहदो को अन्तर्गत धारा 170/126/135 B.N.S.S में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया तथा वाले 12 शोहदो/मनचलो को माफीनामा भरवा कर/हिदायत मुनासिब कर परिजन को सुपूर्द किया गया ।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

**01.मलखू प्रसाद पुत्र बलजीत निवासी धोबहा टोला रमईडीह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.सूरज पुत्र चनरजीत निवासी धोबहा टोला रमईडीह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03. राजेन्द्र पुत्र अघारे निवासी धोबहा टोला रमईडीह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04. नीरज पुत्र चनरजीत निवासी धोबहा टोला रमईडीह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**मिशन शक्ति पुलिस टीम का विवरणः-**

**01.उ0नि0 आनन्द कुमार थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02. उ0नि0 शिव शंकर शर्मा थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03. हे0का0 कमलेश यादव थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04. म0का0 करिश्मा थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**05. का0 बिशाल पासवान थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट- दिनांक 07.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा जान देने जा रही महिला को बचाकर काउंसलिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन*पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति केन्द्र फेज 5.0 के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता के निर्देशन में आज दिनांक 07.10.2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति केन्द्र की टीम द्वारा पंचायत भवन ग्राम नेवल में जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा था की वहां के लोगों द्वारा सूचना मिली कि संजू पत्नी रामबहाल ग्राम नेवल थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा पारिवारिक विवाद को लेकर फांसी लगाने का प्रयास किया गया है जिसके उपरांत मिशन शक्ति केंद्र की टीम मौके पर पहुंची एंव थानाध्यक्ष अभय सिंह को भी अवगत कराया गया तत्पश्चात थानाध्यक्ष मय मिशन शक्ति केन्द्र की टीम द्वारा संजू के पति रामबहाल,बहन अंजू, सास जहरा,ससुर चिनका प्रसाद,ननद सरिता,माता पाना देवी पत्नी त्रिभुवन साकिन मधवापुर थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर व अन्य गांव के लोगों के समक्ष संजू पत्नी रामबहाल उपरोक्त की काउंसलिंग की गई संजू को उनके मातृत्व कर्तव्यों, पारिवारिक कर्तव्यों से अवगत कराते हुए समझाया गया कि जीवन में छोटी छोटी समस्याएं आती रहती है लेकिन इन समस्याओं से डरकर जीवन खत्म न करें बल्कि समस्या का समाधान कर अपने पारिवारिक जीवन व मातृत्व दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाये। तत्पश्चात श्रीमती संजू पत्नी रामबहाल उपरोक्त ने अपनी ग़लती मानते हुए कहा कि मेरे द्वारा भविष्य में कभी भी ऐसी ग़लती नहीं की जाएगी।मौके पर एक तहरीर लिखित में ली गई एंव सभी सम्बन्धित संजू, संजू के पति रामबहाल,बहन अंजू, सास जहरा,ससुर चिनका प्रसाद,ननद सरिता,माता पाना देवी पत्नी त्रिभुवन साकिन मधवापुर थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर व अन्य गांव के लोगों के हस्ताक्षर बनवाये गये।

**मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरणः-**

**0 1.थानाध्यक्ष अभय सिंह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**0 2. उ0नि0 शिवशंकर शर्मा, थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.उ0नि0 नागेन्द्र प्रसाद यादव थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04. हे0का0 कमलेश यादव थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**05. का0संजीत पाण्डेय थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**06.म0का0 करिश्मा थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 07-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना कपिलवस्तु की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थानाक्षेत्र के कपिलवस्तु पार्क मे महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान(IPS) क्षेत्राधिकारी महोदय सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 07/10/2025 को थानाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में थाना कपिलवस्तु की मिशन शक्ति टीम द्वारा कपिलवस्तु पार्क में बालिकाओं व महिलाओं को मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।**

**मिशन शक्ति टीम-**

**1.उ0नि0 सदरुल आलमीन प्रभारी मिशन शक्ति थाना कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।**

**2.म0हे0का0 मनीषा शर्मा थाना कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।**

**3.का0 राहुल यादव थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर**

प्रेस नोट दिनांक 07.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत चार पहिया वाहन मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना एवं बिना हेलमेट दो पहिया चलाना / गलत दिशा मे वाहन चलाना,सड़को के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने आदि के विरुद्ध कार्यवाही की गयी**

आज दिनांक 07.10.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री सुजीत कुमार राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा साड़ी तिराहा,पावर हॉउस तिराहा,सिद्धार्थ तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा एवं कस्बा बाँसी आदि स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा शासन के मंशा के अनुरूप बाँसी-नौगढ़ स्थित पेट्रोल पम्पो पर बिना हेलमेट फ्यूल न देने के आदेश के सम्बन्ध अवगत कराते हुए बिना हेलमेट फ्यूल लेने वालो के खिलाफ M. V. Act. के तहत प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी एवं रात्रि मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के साथ-साथ सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनका M. V. Act के तहत चालान कर हटवाया गया एवं विशेष अभियान के तहत चार पहिया वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना/बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने तथा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, गलत दिशा मे वाहन चलाने वालो का चालान करने समेत कुल 48 वाहनों का चालान करते हुए 62500/- रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

**प्रेस नोट- दिनांक 07-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार महर्षि बाल्मिकी जयन्ती, दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 07.10.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार महर्षि बाल्मिकी जयन्ती, दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**